एक नजर में

नगर परिषद सरदारपुर में जनगणना कार्य जोरों पर

जनगणना 2027 में मकान सूचीकरण कार्य प्रारंभ शुरू

सरदारपुर। जिम्मेदारों द्वारा घर-घर जाकर सवाल पूछे जा रहे जिनकी एचएलओ एप पर एंट्री की जा रही है। पर्यवेक्षक कामेश सतपुड़ा, गयासुद्दीन कुरैशी द्वारा प्रगणकों को फील्ड में जाकर पूर्ण सहयोग किया जा रहा है सभी प्रगणक अपना कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं वार्ड नंबर 11 में प्रगणक प्रियंका खरे द्वारा रेकॉर्ड 60 मकानों का सर्वे किया गया पर्यवेक्षकों द्वारा प्रगणकों को एच एल ओ एप पर एंट्री करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है पूरी तरह संतुष्ट होने पर ही डाटा सिंक करने के निर्देश दिए गए हैं नगर परिषद सरदारपुर में 15 ब्लॉक गए बनाए गए हैं जिनमें 13 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं उनकी मॉनिटरिंग करने हेतु दो पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं प्रतिदिन किए गए कार्य की जानकारी एकत्र करने एवं वरिष्ठालय को प्रेषित करने हेतु चार्ज अधिकारी श्री यशवंत शुक्ल द्वारा कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है चार्ज अधिकारी द्वारा संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है उक्त जानकारी जनगणना शाखा प्रभारी जितेंद्र गोखले द्वारा दी गई।

डॉ. शुभम जायसवाल बने हड्डी रोग विशेषज्ञ

बकानेर, - बाकानेर निवासी नगर के गौरव डॉ. शुभम जायसवाल ने आज हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ (रूऱ. ह्लह्लद्धश्श्चद्गस्रद्बष्ह्य) की डिग्री प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शुभम ने अपनी चिकित्सा एल एन सी टी प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज भोपाल से पूरी की और अंतिम परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ डिग्री हासिल की। डॉ. शुभम के पिता श्री सुनील जायसवाल, जो क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी हैं, और माताजी *श्रीमती संगीता जायसवाल, एवं छोटे भाई डॉक्टर आकाश जायसवाल चर्म रोग विशेषज्ञ ने डॉक्टर शुभम की इस उपलब्धि पर खुशी जताई। सुनील जायसवाल ने कहा, शुभम ने बचपन से ही सेवा का सपना देखा था। आज उसने डिग्री लेकर पहला कदम पूरा किया है। अब गाँव-क्षेत्र के लोगों को हड्डी-जोड़ की समस्याओं के लिए बड़े शहर नहीं जाना पड़ेगा। ग्राम वासियों जनप्रतिनिधियों ने डॉक्टर शुभम की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

संस्था अखंड संडे की अमृतांजलि काव्यगोष्ठी

इंदौर. संस्था अखंड संडे की 1522 वीं श्रृंखला अमृतांजलि काव्यगोष्ठी विश्राम बाग में आयोजित की गई. इस बार हास्य दिवस होने से जहाँ हँसी-ख़ुशी, ठहाकों का दौर चला वहीं जबलपुर के पास बरगी बांध में हुए हादसे के कारण कवि मन व्यथित भी था. मुकेश इंदौरी ने मार्मिक गजल पढ़ी- मां ने बेटे को सीने से लगाए रखा, हर खौफ से उसको यूँ बचाए रखा, उठती हुई लहरों के बीच भी मां ने, हिम्मत का दीपक जलाए रखा, वो डूब गए मगर ये सच रह गया, मां ने प्यार को अमर बनाए रखा. नलिन खंडेलवाल ने बदलते परिवेश पर गजल पढ़ी- आधुनिकता का इतना हुआ असर, चिट्ठियाँ भी अब नहीं आती हैं घर, गांव की चौपाल भी गुम हो गई, प्रेम से होते थे जहाँ हम तर बतर. सुरेन्द्र व्यास ने- हँसा रहा था उम्र भर वो मिलने जुलने वालों को, गया जहान छोड़कर सभी को वो रुला गया. नयन राठी ने जो हँसते मुस्कुराते वो जीवन पाते, अपने जीवन को सफल वो बनाते सुनाई. श्याम बागोरा- जीवन एक कविता है, कविता में जीवन के हर रंग नजर आते हैं, सभी इसे गुनगुनाते हैं और हरमोहन नेमा ने हास्य दिवस पर बड़ा दुर्लभ मनुष्य का जीवन, हँसते रहो हायकु सुनाये. आर डी माहौर, व्रजेन्द्र नागर, अरविन्द आचार्य, दिलीप मांडलिक, रशीद अहमद शेख, पुनीत उत्पल, डॉ. शशि निगम, नवनीत जैन, डॉ. शशिकला अवस्थी आदि ने भी काव्य पाठ किया.

वनबंधु परिषद इंदौर चैप्टर की वार्षिक साधारण सभा

इंदौर. वनबंधु परिषद इंदौर चैप्टर की वार्षिक साधारण सभा साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में उत्साह एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई जिसमें एकता, समर्पण एवं सेवा भावना के साथ परिषद और फ्रेंड्स ऑफ ट्रायबल सोसायटी (एफटीएस) युवा इंदौर के प्रकल्पों को और अधिक रफ़्तार से आगे बढाने का संकल्प किया गया. यह पहला मौका था जब परिषद के सभी अंगों ने अपनी वार्षिक साधारण सभा को एकसाथ, एक मंच पर और एक ही स्थान पर आयोजित किया. राष्ट्रीय महिला समिति की अध्यक्ष विनिता जाजू, अध्यक्ष अखिलेश राठी, सचिव नवीन खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष आयुष गर्ग, महिला समिति अध्यक्ष सीमा रणधर एवं सचिव मीना गर्ग, राष्ट्रीय समन्वयक रासु जैन, एफटीएस युवा इंदौर टीम की अध्यक्ष नीलम बाल्दी, सचिव दीपिका माहेश्वरी सहित परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों ने सभा के विशेष अतिथि राम अवतार जाजू एवं मनोहर बाहेती के साथ दीप प्रज्वलन कर सभा की शुरुआत की. सचिव नवीन खंडेलवाल ने वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तो कोषाध्यक्ष आयुष गर्ग ने वर्ष 2025-26 की वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की. एफटीएस की राष्ट्रीय समन्वयक रासु जैन ने इंदौर चैप्टर को मिले 6 अवार्ड एवं 3 अन्य सम्मान के लिए बधाइयाँ दी. एकल युवा अध्यक्ष नीलम बाल्दी और सचिव दीपिका माहेश्वरी ने भी युवाओं की सक्रिय भागीदारी का उल्लेख किया. गीता मूंदड़ा ने अधिक से अधिक लोगों को परिषद से जोड़ने का आह्वान किया.

हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ

इंदौर. नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में महाआरती हुई. साथ ही श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ, जिसमे युवाओ की अधिक संख्या रही. समापन प्रसादी वितरण से हुआ.

1100 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, आस्था में डूबे श्रद्धालु

महू. शहर के सात रास्ता चौराहा स्थित काली माता मंदिर प्रांगण में श्रीरामा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति रामादल द्वारा 1100 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ का भव्य आयोजन किया गया. संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां भारती एवं श्रीराम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई. मुख्य अतिथि के रूप में पंच दशनाम जूना अखाड़ा से जुड़े सिद्ध बाबा श्याम गिरी, सवाई मठ दिल्ली दरबार के महंत रमन गिरी महाराज एवं गुरुजी 14 मढ़ी आनंद गिरी महाराज उपस्थित रहे. विशेष अतिथियों में विजय खंडेलवाल, योग गुरु इंदर सिंह भावरे, पं. रामबाबू शर्मा, ओमप्रकाश स्वामी, काली माता मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश वर्मा, सेविका चित्रा वर्मा एवं समाजसेवी तेजराम कंडारे सहित अनेक गणमान्यजन शामिल हुए. हनुमान चालीसा पाठ को सुमित शर्मा की भजन मंडली ने मधुर स्वर लहरियों में प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. आयोजन को सफल बनाने में रामादल के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय समाजजनों का विशेष योगदान रहा, जिनमें सुमित जोशी, राज कुसुंबले, अमन नागे, कान्हा सोलंकी, मनीष शर्मा, बृजेश जोशी, रूपा सोलंकी आदि मौजूद रहे. संचालन युवा समाजसेवी सनी भारत बिलरवान ने किया. आभार भाजपा नगर उपाध्यक्ष अखिलेश ठाकुर ने माना.

पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत, महू में मना जश्न

महू. प. बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया. शहर के कोतवाली चौक पर बड़ी संख्या में बीजेपी समर्थक जमा हुए और ढोल-नगाड़ों पर नृत्य किया और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और झालमुड़ी बांटी. कोतवाली चौक भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा. राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने भी इस जश्न में शिरकत की. क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष ऋषभ सोलंकी, अमित जोशी, महेश बागड़ी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे. आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा, ताकि कोई अव्यवस्था न हो.

पेरिस में छाया मध्य प्रदेश का 'बाग', बिलाल खत्री ने बिखेरा जादू

फ्रांस की धरा पर झलकी भारतीय संस्कृति, फोयर डे पेरिस मेले में दिखाया बाग प्रिंट की अमूल्य विरासत को

बाग (युनूस खान)। भारतीय हस्तशिल्प कला का गौरवशाली इतिहास एक बार फिर सात समंदर पार दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित मंच पर जीवंत हो रहा है। मध्य प्रदेश की धरा की अमूल्य धरोहर बाग प्रिंट को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने वाले विश्व विख्यात नेशनल एंड इंटरनेशनल अवार्डी शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री इस समय पेरिस में अपनी कला का परचम लहरा रहे हैं।

केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय के कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) विभाग द्वारा इस ऐतिहासिक यात्रा के लिए मोहम्मद बिलाल खत्री को चुना गया है। वे फ्रांस के पेरिस में आयोजित हो रहे यूरोप के सबसे विशाल और प्रतिष्ठित मेले फ़ोयर डे पेरिस में भारत का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह उपलब्धि न केवल मोहम्मद बिलाल खत्री के लिए, बल्कि समूचे मध्य प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है।

पेरिस में बाग प्रिंट का भव्य प्रदर्शन-दिनांक 30 अप्रैल से 11 मई 2026 तक पेरिस के पोर्टे डे वर्साय में आयोजित हो रहे इस 12 दिवसीय भव्य आयोजन में, बिलाल खत्री बाग प्रिंट हस्तकला का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दे रहे हैं। यह प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए एक विस्मयकारी अनुभव बना हुआ है, जहाँ वे प्रत्यक्ष देख रहे हैं कि कैसे एक साधारण कपड़े पर पारंपरिक प्राकृतिक रंगों और नक्काशीदार ब्लॉक्स के माध्यम से कला की उत्कृष्ट कृतियाँ उकेरी जाती हैं।

विश्व मंच पर भारतीय कला का अनूठा संगम- मोहम्मद बिलाल खत्री ने इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के लिए विशेष रूप से यूरोप के आधुनिक कल्चर और वहां की सुरुचिपूर्ण पसंद को ध्यान में रखते हुए अपने उत्पादों को अत्यंत कुशलता से तैयार किया है। उनकी यह कलाकृति न केवल पारंपरिक भारतीय विरासत का प्रतिनिधित्व कर रही है, बल्कि आधुनिक डिजाइनों के साथ मिलकर एक वैश्विक अपील भी पैदा कर रही है। भारत से चयनित मात्र पांच श्रेष्ठ शिल्पकारों में मोहम्मद बिलाल खत्री का नाम शामिल होना, उनके वर्षों के समर्पण और हस्तशिल्प के प्रति उनके जुनून की जीत है।

फ़ोयर डे पेरिस - कला और नवाचार का महाकुंभ-फ़ोयर डे पेरिस (स्नश्चद्बह्म्द्ग स्रद्ग क्कड्डह्म्द्बह्य) यूरोप का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ा मल्टीपर्पज़ मेला है। यहाँ 47 से अधिक देशों के 1,400 से अधिक प्रदर्शक और 6 लाख से अधिक आगंतुक जुट रहे हैं। यह मेला उन हस्तशिल्पियों के लिए एक स्वप्निल मंच है जो अपनी कला में %ह्यूमन टच% और प्रीमियम फिनिश को प्राथमिकता देते हैं। यहाँ बिलाल खत्री की उपस्थिति भारतीय हस्तशिल्प की साख को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है।

बाग प्रिंट की समृद्ध विरासत को सहेज रहे मोहम्मद बिलाल खत्री-मध्य प्रदेश की विश्व प्रसिद्ध बाग प्रिंट कला को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य मोहम्मद बिलाल खत्री पूरी निष्ठा के साथ कर रहे हैं। वे बाग प्रिंट के जनक स्वर्गीय इस्माइल सुलेमानजी खत्री के पोते और शिल्प गुरु से सम्मानित मोहम्मद युसूफ़ खत्री के सुपुत्र हैं।

आज बिलाल खत्री अपने दादा और पिता की इसी अमूल्य विरासत को न केवल संजोए हुए हैं, बल्कि उसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने और वैश्विक मंच पर भारत का मस्तक ऊँचा करने के लिए निरंतर समर्पित हैं।

राजनयिकों ने सराहा बाग प्रिंट का हुनर

फ्रांस की राजधानी में आयोजित 'फोयर डे पेरिस' के भारतीय पवेलियन का विधिवत उद्घाटन भारतीय दूतावास की थर्ड सेक्रेटरी वर्धा खान द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री ने पारंपरिक बाग प्रिंट अंगवस्त्र भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। सुश्री खान ने प्राकृतिक रंगों और ब्लॉक प्रिंटिंग की बारीकियों को गहराई से समझा और स्वयं अपने हाथों से रुमाल पर %ठप्पा% लगाकर इस प्राचीन कला का सजीव अनुभव लिया। उन्होंने भारतीय शिल्पकारों के अद्भुत कौशल और कला के प्रति उनके समर्पण की मुक्तकंठ से सराहना की। इसी क्रम में, भारतीय दूतावास के प्रथम सचिव माधव आर. सल्फुले ने भी प्रदर्शनी में शिरकत कर बाग प्रिंट की समृद्ध विरासत का अवलोकन किया। उन्होंने न केवल इस पारंपरिक कला के इतिहास को जाना, बल्कि स्वयं ब्लॉक प्रिंटिंग कर हस्तशिल्प की जटिलता और सुंदरता का अनुभव लिया। उन्होंने कलाकार मोहम्मद बिलाल खत्री के उत्कृष्ट कौशल की प्रशंसा करते हुए इसे भारतीय संस्कृति का अनमोल हिस्सा बताया।

विकास आयुक्त अमृत राज के प्रयासों की सराहना-इस गौरवपूर्ण अवसर पर मोहम्मद बिलाल खत्री ने विभाग के सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा कि विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) श्रीमती अमृत राज के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय हस्तशिल्प आज वैश्विक क्षितिज पर नई ऊंचाइयां छू रहा है। उनके अटूट समर्पण और कला-हितैषी प्रयासों ने शिल्पकारों को एक सुदृढ़ मंच प्रदान कर भारतीय विरासत को पुनर्जीवित किया है। हस्तकला को आधुनिक प्रोत्साहन देने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिल्पकारों को पहचान दिलाने में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है।

स्वास्थ्य को स्वस्थ्य रखना हमारी जिम्मेदारी - डॉ अशोक मंडलोई

धार। गर्मी के मौसम में खानपान पर विशेष ध्यान देना बहुत जरूरी है। गर्मी में वात जनित रोगों में सहज वृद्धि होती है। भोजन बहुत देर से करना ठीक नहीं है। वृद्धजन ही नहीं हर आयु के व्यक्ति को भोजन भूख से कुछ कम करना चाहिए। पेय पदार्थों का उपयोग ज्यादा किया जाना उचित है। बिना अत्यधिक आवश्यकता के व बिना वजह धूप में निकलने से बचे। छांछ, आम का पना लाभदायक है। स्वास्थ्य को स्वस्थ्य रखना हमारी जिम्मेदारी है ये विचार सुपर 60 प्लस के 98 वे शिविर में महाराजा भोज जिला चिकित्सालय के पंचकर्म विभाग के डॉ अशोक मंडलोई ने व्यक्त किए। कार्यक्रम प्रस्तावना भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने रखी। अतिथि स्वागत केशव पांडा ने किया। संचालन सुपर 60 प्लस प्रकल्प संयोजक दुर्गेश नागर ने किया। आरंभ में संवाद क्रम में कवि नंदकिशोर उपाध्याय, रामचन्द्र सोलंकी व नरवरसिंह ठाकुर ने कविता व भजन सुनाए। पौष्टिक आहार में नमकीन छांछ का वितरण किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्कड़ ने दी।

60 प्लस लालबाग ग्रुप ने बंगाल में हिंदूत्व और सनातन की जीत पर बांटी मिठाई

धार। 60 प्लस लालबाग ग्रुप के प्रमुख कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश माहेश्वरी ने बताया कि पश्चिम बंगाल की जीत हिंदूत्व और सनातन की विजय होकर आज पश्चिम बंगाल राममय हुआ लालबाग में तुलसी झील चौराहे पर सभी एकत्रित होकर 60 प्लस लालबाग ग्रुप के श्यामलाल जी अग्रवाल व योगा ग्रुप के अशोक गर्ग अपनी पूरी टीम के साथ भारत माता की जयकारों के साथ सभी ने एक दूसरे को राममय भारत जीत की बधाइयां दी इस अवसर पर कवि नंद किशोर उपाध्याय ने बंगाल जीत पर अपनी कविता खिला कमल पश्चिम बंगाल में मिल कर रहोगे तो ही बचोगे का पाठ सुनाकर सभी का दिल जीत लिया इस अवसर पर ग्रुप ने भारत माता का झंडा लहराते हुए मिठाईया बाटी गयी व साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह का आभार जताया साथ ही मोदी जी द्वारा बताया कि बदला नही बदलाव की बात होनी चाहिए भय नही भविष्य की बात होनी चाहिए यह डर नही लोकतंत्र जीता है।

हनुमान भक्तों ने झीणेश्वर धाम पहुंचकर हनुमानजी का लिया आशीर्वाद

सरदारपुर। नगर से 2 किलोमीटर की दूरी और भोपावर मार्ग पर स्थित अति प्राचीन झीणेश्वर महादेव के समकक्ष उकाला हनुमानजी की प्रतिमा विराजमान हैं। मंगलवार को सरदारपुर - कुमारपाट झीणेश्वर महादेव समिति द्वारा उकाला हनुमानजी प्रतिमा का अभिषेक चोला चढ़ाकर महाआरती की गई। उपस्थित भक्तजनो द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसादी ग्रहण की गई। बाद में झीणेश्वर महादेव के दर्शन आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि यहां रोजाना सुबह 8 बजे और शाम 6,30 बजे समिति सदस्यों द्वारा महाआरती उतारी जाती है।

खेलों से शारीरिक-बौध्दिक विकास होता है, खेल भावना को करें विकसित : तिवारी

मोहसिन खान ने मारे 18 बॉल में 10 छक्के, टीम विजेता बनी

सरदारपुर। खेलों से खिलाड़ियों का बौध्दिक विकास होता है, खिलाड़ी हमेशा खेल भावना दिखाकर खेले। पराजित होने पर निराश नहीं होकर अगले प्रयास में अच्छा प्रदर्शन करके विजय हासिल करे। यह बात सोमवार को खेल परिसर मैदान पर चल रहें 10 दिवसीय सरदारपुर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा लीग क्रिकेट टेनिस बॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर लक्ष्मण तिवारी ने कहीं।

मयंक गर्ग, हर्ष तिवारी ने कहा ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए, इससे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभाए सामने आती है, जो कि खिलाड़ियों की भविष्य को तय करतीं हैं। कहां कि यह आयोजन प्रशंसनीय है, साथ ही आयोजन कर्ता बंधाई के पात्र हैं। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय के बाद सिक्का उछालकर क्रिकेट खेल की शुरुआत की गई। मैच धुरंधर और सुदर्शन क्रिकेट क्लब के बीच हुआ, टांस सुदर्शन क्लब ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टेनिस बॉल प्रतियोगिता के 8 ओवर के खेल में पहले पायदान पर मोहसिन खान और विवेक बैरागी मैदान में उतारे गए। खांन ने पहले ओवर की पहली बाल में छक्का जड़कर अच्छी शुरुआत की गई, लेकिन दूसरी बाल पर बाउंड्री पर विपक्ष खिलाड़ी द्वारा कैंच छोड़कर जीवन दान मिल गया। जिसका भरपूर लाभ उठाते हुए खांन ने 18 गेंद पर 10 छक्के जमाकर 64 रन बनाए।

इसी के साथ विरुद्ध टीम धुरंधर क्रिकेट क्लब को 136 रन बनाने का लक्ष्य दिया गया। जो कि 8 ओवर के खेल में धुरंधर क्लब जीत हासिल नहीं कर पाएं, और सुदर्शन चक्र क्लब 17 रन से विजय रही। मैन आफ द मैच मोहसिन खांन रहे। यह आयोजन सार्थक स्पोर्ट्स क्लब सरदारपुर द्वारा प्रतिभावान युवा खिलाडि़यों की प्रतिभा निखारने के लिए किया जा रहा है। शैखर कामदार ने बताया कि समापन 10 मई को किया जाएगा। रात्रिकालीन मैच आयोजन को लेकर नगर के खेल प्रेमियों में उत्सुकता भरी हुई है, रात 12 से 1 बजे तक खेल प्रेमी क्रिकेट खेल का आनंद लें रहें हैं।

एक नजर में — आज संगीतमयी सुंदरकांड का भव्य आयोजन और 8 मई को गरबा रास की दी जाएगी प्रस्तुति

21 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ और पशुपतिनाथ प्राण-प्रतिष्ठा के लिए स्थापित यज्ञशाला

सरदारपुर। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव ॅजयन्ती दिव्य धाम में पांच मई से दस मई तक होगा।

जयंती दिव्य धाम महादेव मंदिर में शिव शक्ति महायज्ञ एवं पशुपतिनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारियां पुरी कर ली गई हैं।समिती ने कई साधु-संतों सहित क्षेत्रभर मे आमंत्रण-पत्र देकर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 10 मई तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति नगर में जनसहयोग से राशि संग्रह कर रही है। समिति विभिन्न व्यवस्थाओं में भी जुटी हुई है। महोत्सव के दौरान 21कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए यज्ञशाला तैयार कर ली गई है। समिति ने पहले बाहर से लोगों को बुलाकर निर्माण कराने पर विचार किया।

विभिन्न कारीगरों से चर्चा के बाद यज्ञशाला निर्माण की लागत करीब दो लाख रुपए आंकी गई। हालांकि, आयोजन पूरी तरह जनसहयोग से हो रहा है। ऐसे में समिति ने खर्च कम करने और धन का सदुपयोग करने का निर्णय लिया।इसी सोच के तहत समिति के सदस्यों एवं क्षेत्र के युवाओं ने स्वयं ही यज्ञशाला निर्माण करने का निर्णय लिया।और खुद ही यज्ञशाला का निर्माण कर दिया। इससे करीब दो लाख रुपए की बचत होने का अनुमान है। वर्तमान में लगभग 50 हजार रुपए की सामग्री से 50 बाय 50 फीट आकार की यज्ञशाला तैयार की जा चुकी है। निर्माण कार्य में मा जयन्ती धाम सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल पाटीदार एवं पुर्व अध्यक्ष मोतीलाल पाटीदार के मार्गदर्शन में क्षेत्र के युवा एवं शिव शक्ति महायज्ञ एवं पशुपतिनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के सदस्य जुटे हुए हैं। यज्ञशाला में अलग-अलग कुंडों का निर्माण किया गया है।शिव शक्ति महायज्ञ एवं पशुपतिनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल पाटीदार ने बताया। समिति की इस पहल को नगरवासियों का भी सहयोग मिल रहा है। सभी लोग आयोजन को सफल बनाने में योगदान दे रहे हैं।शिव शक्ति महायज्ञ एवं पशुपतिनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक आयोजन होगे प्रथम दिवस चार मई को प्रायश्चिक कर्म, हेमाद्रि-संकल्प दशविध स्नान,द्वितीय दिवस पाच मई को कलश यात्रा, मण्डप प्रवेश, गणेश गौरी पूजन, अग्नि स्थापन, ग्रह शांति देव प्रतिमा का जलाधिवास,तृतीय दिवस छ॰ मई को स्थापित देव पूजन, हवन पुष्पाधिवास,चतुर्थ दिवस सात मई को स्थापित देव पूजन, हवन फलाधिवास,पंचम दिवस आठ मई को स्थापित देव पूजन, हवन शय्याधिवास,

षष्ठम दिवस नौ मई को स्थापित देव पूजन, हवन धान्याधिवास,सप्तम दिवस दस मई को स्थापित देव पूजन, गंगाजल, प्राण प्रतिष्ठा, पर्णाहुति, महा आरती, महाप्रसादी वितरित की जाएगी। वही शिव शक्ति महायज्ञ एवं पशुपतिनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक व रंगारंग आयोजन होगे ।

इसके तहत पांच मई को निर्गुणी भजन मंडल दसाई के कलाकारो द्वारा निर्गुणी भजनो की प्रस्तुती दी जाएगी। आज 6 मई को मंदीप वैष्णव रूनावदा व उनकी टीम द्वारा भव्य संगीतमय सुन्दरकाण्ड किया जाएगा। सात मई को राम भरोसे सुन्दरकाण्ड मंडल नयापुरा बागली द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड की प्रस्तुती दी जाएगी।आठ मई को मां कालिका माता गरबा मंडल खुंटपला द्वारा गरबा रास किया जाएगा। जिस क्षेत्र में शिव शक्ति महायज्ञ होता है ऊस क्षेत्र में अकाल कभी नहीं पड़ता हे महामारी नहीं फलती है उस क्षेत्र की जनता एवं किसान को सुखसमृद्धि एवं शांतिमिलती है क्षेत्र हरा भरा रेहताहै